सिंगरौली को मिलेगा मेडिकल कॉलेज भवन की सौगात

चर्चा में क्यों?

19 जनवरी, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व में की गई घोषणा के मुताबिक 22 जनवरी को सिंगरौली में शासकीय मेडिकल कॉलेज भवन का शिलान्यास किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि सिंगरौली ज़िला ताप विद्युत केंद्रों और कोयला खनन परियोजनाओं के कारण प्रदेश का सर्वाधिक राजस्व देने वाला ज़िला है।
- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि सिंगरौली में मेडिकल कॉलेज की मांग लंबे समय से की जा रही थी। मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण ग्राम नौगढ़ में किया जा रहा है। इसके लिये 25 एकड़ ज़मीन आवंटित की गई है। भवन परिसर निर्माण के लिये 248 करोड़ 27 लाख रूपए मंजूर किये गए हैं।
- उन्होंने बताया कि इसका निर्माण मेसर्स डीवी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जो 19 दिसंबर, 2024 तक पूरा होगा।
- शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि मेडिकल कॉलेज बन जाने से यहाँ उपचार की व्यवस्थाएँ बेहतर होंगी। सिंगरौली ही नहीं पूरे विंध्य क्षेत्र के विद्यार्थियों के डॉक्टर बनने का सपना भी पूरा होगा। जनजातीय बहुल अंचल के विद्यार्थी अपने घर के समीप रहकर मेडिकल की पढ़ाई कर सकेंगे।
- मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों को शिक्षा देने के लिये वरिष्ठ डॉक्टरों तथा अनुभवी प्राध्यापकों की नियुक्ति होगी। उनके मेडिकल ज्ञान और दक्षता का लाभ सिंगरौली ज़िले को मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/singrauli-will-get-the-gift-of-medical-college-building